M. J. COLLEGE

NSS Annual Reports

,e-t-dkyst] fHkykbZ

jk"Vªh; lsok ;kstuk bdkbZ

okf"kZd izfrosnu

l= 2020-21

राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता के लिए एक सशक्त माध्यम है। भारत की अधिकांश जनता गांव में निवास करती है। इसलिए ग्रामीण जीवन से अवगत कराने के लिए शहरी छात्रों को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ा जाना चाहिए| राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य सामुदायिक कार्यों के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अनिवार्य गतिविधियों के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन भी आता है। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण परिवेश में जाकर उनके बीच रहकर ग्रामीण जीवन सामुदायिक कार्यक्रम के माध्यम से गांव का विकास करने तथा जनचेतना जागृत करने का प्रयास विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है|

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के मुख्य उद्देश्य हैं:

1. उस समुदाय को समझें जिसमें वे काम करते है।

2. अपने समुदाय के संबंध में खुद को समझें । समुदाय की जरूरतों और समस्याओं की पहचान करना और उन्हें समस्या-समाधान में शामिल करना।

3. आपस में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करें।

4. व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने में अपने ज्ञान का उपयोग करें ।

5. समूह में रहने और जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए आवश्यक क्षमता विकसित करना ।

6. सामुदायिक भागीदारी जुटाने में कौशल हासिल करना।

7. नेतृत्व के गुण और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण हासिल करना।

8. आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना।

9. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करें।

l= 2020-21 e egkfo|ky; dh jk"Vh; lok ;kstuk bdkbZ d }kjk fd, x, mYys[kuh; dk;%&

1- **2/10/2021** dk राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर आज एमजे कालेज में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 56 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 25 ने रक्तदान भी किया। मुख्य अतिथि डॉ रश्मि भूरे ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। रक्तदान के इस कार्यक्रम का आयोजन गंगोत्री (पूर्व नाम गायत्री) अस्पताल दुर्ग तथा स्टील हैण्ड्स फाउण्डेशन दुर्ग के सहयोग से किया गया था।

2. 18.09.2021 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में आज एमजे कालेज के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले शामिल हुए। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि युवा स्वस्थ रहे, गतिशील रहे तभी राष्ट्र का सही मायने में विकास हो सकता है।इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ आरपी अग्रवाल, जिला संगठक विनय शर्मा, आदि भी उपस्थित थे।

3. 15.08.2021 एमजे कालेज में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया गया। एम.जे समूह की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में एमजे

कालेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे, एमजे कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डी तमिलसेलवन ने महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैलचित्र पर माल्यार्पण पश्चात ध्वजारोहण किया।

4. **07.08.2021** आज विश्व स्तन पान सप्ताह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नम्रता भुसारी ने कहा कि इस वर्ष का थीम स्तनपान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर, एमजे कालेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे, फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ टिकेश्वर कुमार भी बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर स्तनपान सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार मुख्य अतिथि ने वितरित किये।

5- **05.06.2021** विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को एमजे कालेज में फलदार पौधे लगाए गए। आईक्यूएसी तथा एनएसएस के सहयोग से किये गये इस पौधरोपण कार्यक्रम में आम, अमरूद, सीताफल एवं नीम के पौधे लगाए गए। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने बताया कि महाविद्यालय की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर के आग्रह पर फलदार पौधे लगाए गए।

6. 16.07.2021 एमजे कालेज के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के तहत गांव में रैली, साफ सफाई, निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। वहीं गांव के घर-घर जाकर शौचालय का उपयोग, सूखा-गीला कचरे का प्रबंधन तथा दीवारों पर नारे लिख कर लोगों को जागरूक किया गया।

7. 13.07.2021 मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बेलौदी की सरपंच श्रीमती पारकर, पंच मुकुन्द पारकर, पंचायत सचिव एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, डॉ टेकेश्वर वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे । कार्यक्रम में

स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली निकालकर निर्धारित परियोजना कार्य किया गया।

8. 30.05.2021 एमजे कालेज की एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने कालेज के पांच गोद ग्रामों में कोविड-19 की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किये। गांव में कोरोना के प्रभाव का सर्वेक्षण करते हुए उन्होंने कोविड गाइडलाइंस की विस्तार से जानकारी प्रदान की। लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर थोड़ी भी आशंका होने पर टीकाकरण अधिकारी को उसकी जानकारी दें।

9. 30.05.2021 एमजे कालेज की एनएसएस इकाई ने टीकाकरण के लिए किया प्रेरित। विद्यार्थियों ने कालेज के पांच गोद ग्रामों में कोविड-19 की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किये। जहां बड़ी संख्या में लोगों की मौत कोविड-19 के चलते हुई है। ग्राम बेलौदी में इसका सबसे कम प्रभाव देखा गया। यहां केवल वही लोग प्रभावित मिले जो काम के सिलसिले में भिलाई या दुर्ग की यात्रा करते हैं।

10. 30.05.2021 लोग हाथ-पैर धोने की व्यक्तिगत स्वच्छता को भूलने लगे थे। इस महामारी ने लोगों को एक बार फिर इसके लिए प्रेरित किया है। साथ ही अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने पर रोक लगी है। बेकार में इधर उधर घूमना भी कम हुआ है। लोग प्राणायाम कर रहे हैं, खान पान पर ध्यान दे रहे हैं। एक तरह से कोरोना लोगों के जीवन में अनुशासन को लौटा लाया है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने बताया कि यह दौरा न केवल ग्रामीणों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ बल्कि हमें भी ग्रामीणों से काफी कुछ सीखने और समझने को मिला है।

11. 26.01.2021 एमजे कालेज परिवार ने गणतंत्र दिवस पर सहिष्णुता का संकल्प लिया। महाविद्यालय की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर ने एक कहानी सुनाते हुए स्पष्ट किया।विश्व को इस महामारी का हल दिया जो गौरव का विषय है। डॉ टिकेश्वर कुमार ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कोरोना को हराने में भारत की सफलता की बधाई दी।

12- **23.01.2021** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्देश पर एमजे कालेज में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने कहा कि नेताजी ने विपरीत परिस्थितियों में आजाद हिन्द फौज का गठन कर यह साबित कर दिया कि यदि हौसला हो तो

कुछ भी किया जा सकता हैस्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने दिया। बीकॉम प्रथम के आदित्य कुमार सोनी, आस्था दुबे, आकांक्षा जायसवाल, कल्पना, आयुष पण्डा ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता दीपक रंजन दास ने किया।

13- **10.01.2021** एमजे कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के बी एवं सी प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। महाविद्यालय के रासेयो प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे, आइक्यूएसी प्रभारी अर्चना त्रिपाठी, शिक्षा संकाय की प्रभारी डॉ श्वेता भाटिया सहित अन्य प्राध्यापकगण की उपस्थिति में प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। महाविद्यालय की निदेशक डॉ श्रीलेखा

विरुलकर ने सभी स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कि सेवा कार्यों को अपने भावी जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।बी सर्टिफिकेट प्राप्त रासेयो स्वयंसेवकों में विकास वर्मा, सागर बाघ, तमेश कुमार साहू, महेन्द्र बघेल, विजय वर्मा, कुशल निर्मलकर, मोनिका वर्मा, ललिता एवं नीतू साहू शामिल हैं। वहीं सी सर्टिफिकेट प्राप्त करने वालों में सुमित रंजन, ज्योति वर्मा तथा जीवन शामिल हैं।

14. 13.01.2021 एमजे कालेज की एनएसएस इकाई ने ग्राम बेलौदी में किया स्वास्थ्य सर्वेक्षण भिलाई।

15. 19.05.2021 एमजे कालेज ने आज अपनी यात्रा के 20 वर्ष पूर्ण कर लिये। इस अवसर पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए महाविद्यालय

। शिक्षा संकाय की प्रभारी डॉ श्वेता भाटिया, एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे सहित सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।शिक्षा संकाय की प्रभारी डॉ श्वेता भाटिया, एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे सहित सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

16. 13.01.2021 एमजे कालेज की एनएसएस इकाई ने युवा दिवस पर गोद ग्राम बेलौदी में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का सर्वेक्षण किया गया। यहां अधिकांश परिवार कृषि पर आश्रित हैं जबकि अधिकांश परिवारों का कोई न कोई सदस्य निजी या सरकारी नौकरी भी करता है। गांव के अधिकांश

लोगों के पास कोई न कोई स्वास्थ्य बीमा है। एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे ने बताया कि गांव में बच्चों एवं बड़ों का पोषण स्तर अच्छा है। साधारण स्वास्थ्य संतोषप्रद है। शिक्षा का स्तर भी अच्छा है तथा अधिकांश परिवारों में दो पीढ़ियां शिक्षित हैं।

17. 13.01.2021 एमजे कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर ग्राम बेलओदी में रैली का आयोजन किया जिस पर बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक और शिक्षक ग्रामीणों के साथ मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ जे पी कनौजिया ने किया। । वरिष्ठ स्वयंसेवक के अलावा नए सदस्य हिमांशु ठाकुर, मिराज अहमद,

शुजाउद्दीन, अनिल, आस्था दुबे, अन्नपूर्णा, आकांक्षा, वन्दिता, सुबी, कल्पना, सिमरन बघेल, दिव्या तथा मानसी, आयुष पण्डा, शामिल थे।

18. 26.11.2020 तुलसी विवाह का पर्व एमजे कालेज में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सादगी के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने बताया कि प्रबोधिनी एकादशी को देव उत्थान या देव उठनी एकादशी भी कहा जाता है।

19. 18.11.2020 भिलाई। एमजे कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विधिक सेवा केन्द्र दुर्ग के सहयोग से आयोजित आनलाइन विधिक साक्षता शिविर में प्रतिभागियों को पाक्सो, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न आदि से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय की निदेशक श्रीलेखा विरुलकर के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश राहुल शर्मा, सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक अधिवक्ता आरआर साहू, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के रासेयो प्रभारी डॉ आरपी अग्रवाल उपस्थित थे।न्यायाधीश राहुल शर्मा ने आनलाइन कार्यक्रम में पाक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा तथा बाल अपराध और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने की। संचालन रासेयो प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा संकाय की अध्यक्ष डॉ श्वेता भाटिया ने किया।

20. 2.11.2020 सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर 31 अक्तूबर को एमजे कालेज परिवार ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर विचारमंथन किया। महाविद्यालय की निदेशक श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ अनिल चौबे, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे

,e-t-dkyst] fHkykbZ

jk"Vªh; lsok ;kstuk bdkbZ

okf"kZd izfrosnu

l= 2019-2020

1-06.07.2020 हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत हरियर भिलाई अभियान को सफल बनाने के लिए आज एमजे कालेज परिसर में पौधरोपण किया गया। एमजे कालेज की निदेशक श्रीलेखा विरुलकर ने इस अवसर पर कहा कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान जब प्रदूषण कुछ कम हुआ तो सभी का ध्यान उसकी तरफ गया।धरोपण कार्यक्रम में एमजे कालेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे, फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ टिकेश्वर कुमार वर्मा, शिक्षा संकाय की अध्यक्ष डॉ श्वेता भाटिया, अर्चना त्रिपाठी, शकुंतला जलकारे, उर्मिला यादव सहित अनेक सहा. प्राध्यापक एवं व्याख्याता उपस्थित थे।

2. 26.01.2020 एमजे कालेज में गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ के अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पहले महाविद्यालय की निदेशक श्रीलेखा विरुलकर ने ध्वजारोहण कर महाविद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।प्राचार्य डॉ अनिल कुमार, सी कन्नम्मल एवं टी कुमार ने संविधान के विभिन्न प्रावधानों का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने किया।

3. 23.01.2020 एमजे कालेज के एनएसएस शिविर में पहुंचे जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के न्यायाधीश राहुल शर्मा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश राहुल शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील मुद्दों पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए तथा संवेदनशील पोस्ट्स को शेयर भी नहीं करना चाहिए। श्री शर्मा ग्राम समोदा में आयोजित एमजे कालेज के एनएसएस शिविर को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो कार्यक्रम अधिकरी डॉ जेपी कन्नौजे ने की। समोदा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संचालन एनएसएस कैडेट मोनिका ने किया। इस अवसर पर समोदा प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुरेन्द्र सिंह, पूजा राजपूत, एमजे कालेज से सहा. प्राध्यापक मंजू साहू, विकास सेजपाल एवं दीपक रंजन दास भी उपस्थित थे।

4-19.01.2020 दुर्ग विश्वविद्यालय से संबद्ध एमजे कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आज ग्राम समोदा में अपने वार्षिक सेवा शिविर प्रारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल चौबे एवं समोदा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुरेन्द्र सिंह के आतिथ्य में स्वामी विवेकानन्द एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्रों पर माल्यांकन कर शिविर प्रारंभ करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर एमजे महाविद्यालय की नेहा महाजन, शकुन्तला जलकारे, विकास सेजपाल, दीपक रंजन दास, समोदा स्कूल की पूजा राजपूत भी उपस्थित थीं। बच्चों ने इस अवसर पर गीत एवं कविताएं सुनाईं।

5.02.12.2019 भिलाई। एमजे कालेज में आज राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासकीय लालबहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सर्जन डॉ मुनीष भगत इसके मुख्य वक्ता थे। डॉ भगत ने इससे पूर्व महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तम्बाकू नियंत्रण एवं धूम्रपान निषेध के थीम पर बनाई गई रंगोलियों का भी अवलोकन किया । डॉ भगत ने इससे पूर्व महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तम्बाकू नियंत्रण एवं धूम्रपान निषेध के थीम पर बनाई गई रंगोलियों का भी अवलोकन किया।

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

,e-t-dkyst] fHkykbZ

jk"Vªh; lsok ;kstuk bdkbZ

okf"kZd izfrosnu

l= 2018-19

1.06.04.2019 एमजे कॉलेज में आज प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरूपंच ने छात्र छात्राओं को शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व बच्चों को मतदान प्रक्रिया एवं वीवीपैट मशीन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सीओओ विनोद कुमार चौबे भी उपस्थित थे।

2.26.01.2019 एमजे कालेज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच एवं सीओओ विनोद कुमार चौबे ने ध्वजारोहण किया। डॉ गुरुपंच ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। एमजे कालेज आॅफ नर्सिंग के बच्चों ने एक गीत प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

3.12.01.2019 प्रखर चिंतक एवं लेखक मयंक चतुर्वेदी ने आज एमजे कालेज के विद्यार्थियों से कहा कि यदि वे सही सोच के साथ समय का सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ें तो सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी। श्री चतुर्वेदी यहां स्वामी विवेकानंद की 156वीं जयंती के

अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले एमजे कालेज की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर ने एक कहानी सुनाते हुए जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करने की सीख दी। उन्होंने युवा विवेकानन्द के जीवन का एक प्रसंग उद्धृत करते हुए कहा कि एक बार स्वामी जी कुछ अन्य साधुओं के साथ कहीं जा रहे थे।छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रसंगों पर दो लघु नाटकों का मंचन भी किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे ने किया। मंच पर महाविद्यालय के सीओओ वीके चौबे भी मौजूद थे।

4. 10.01.2019 एमजे कालेज के शिक्षा विभाग ने देवबलोदा में कम्युनिटी कैम्प लगाया। दिन भर चलाई गई गतिविधियों में प्राथमिक शाला के बच्चों को जहां खेल खेल में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया वहीं हाई स्कूल के विद्यार्थियों की प्रतिभा जांचने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

5. 16.12.2018 बोड़ेगांव। एमजे कालेज भिलाई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने सप्ताहव्यापी विशेष शिविर के दौरान ग्राम बोड़ेगांव में श्रमदान किया। इसके तहत तालाब के किनारों की सफाई, रुके हुए पानी की निकासी, शाला परिसर की सफाई कर लोगों को परिवेश स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।एनएसएस अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने बताया कि

दलों में विभक्त होकर बच्चे प्रतिदिन गांव में विभिन्न विषयों पर सर्वेक्षण कर आंकड़े जुटा रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण बच्चों के साथ मिलकर उनमें राष्ट्र निर्माण की चेतना जगा रहे हैं।

6. 14.12.2018 बोड़ेगांव। अपेक्षा और उपेक्षा दोनों ही पीड़ा के कारण हैं। हमें इनसे दूर रहकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। जीवन में उन्नति के लिए निष्ठा, आत्मसम्मान और समय का सदुपयोग करना जरूरी है। उक्त बातें दुर्ग जिला राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक डॉ विनय शर्मा ने एमजे कालेज द्वारा यहां आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के बौद्धिक सत्र में व्यक्त किये। इस अवसर पर कल्याण महाविद्यालय के प्राध्यापक शेषनारायण शुक्ला, एमजे कालेज के रासेयो

अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, शकुन्तला जलकारे, परविन्दर कौर, रासेयो के दल नायक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

7. 12.12.2018 भिलाई। एमजे कालेज की एनएसएस इकाई ने ग्राम बोड़ेगांव में मंगलवार से अपना शिविर प्रारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केएस गुरुपंच, एनएसएस अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, श्रीमती उर्मिला यादव, बोड़ेगांव प्रायमरी स्कूल के प्रधानपाठक विनोद कुमार शर्मा, बोड़ेगांव पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधानपाठक श्रीमती नीता बागड़े मंचासीन थे।एनएसएस अधिकारी डॉ कन्नौजे ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

8. 3.12.2018 भिलाई। एमजे कालेज की रासेयो इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली, पेंटिंग, लघु नाटक एवं व्याख्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। असीम सहगल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथियों में हेमंत अरोरा, श्रीमती रजनी अरोरा एवं महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर शामिल थीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

9. 02.12.2018 की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर की सोच पर आधारित इस अभिनव आयोजन में श्री सहगल ने वीडियो प्रेजेन्टेशन द्वारा फल, सब्जियों से लेकर दूध तक में मिलाए जा रहे जहरीले पदार्थों की जानकारी दी। विश्व एड्स दिवस पर एमजे कालेज में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। वेलनेस कोच असीम सहगल ने इस अवसर पर कहा कि आज आपकी थाली से लेकर प्याली में पेस्टिसाइड का जहर मिला हुआ है। आपको आपके भोजन से आवश्यक पोषण का केवल 11 फीसदी ही प्राप्त हो रहा है।

10. 26.11.2018 भिलाई। एमजे कालेज में संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच थे। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं भारतीय गणतंत्र के विभिन्न आयामों की खुलकर चर्चा की।

11. 18.11.2018 मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर एमजे कालेज की सराहना की गई है। राजेन्द्र पार्क दुर्ग में आयोजित समारोह में इसके लिए महाविद्यालय को सम्मानित किया गया। स्वीप के तहत चलाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी एमजे कालेज ने भागीदारी दी जिसमें छात्राओं को समूहगान में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन स्वीप के तहत एमजे कालेज ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया।

12. 18.11.2018 मतदाता जागरूकता में योगदान के लिए एमजे कालेज की सराहना, छात्राओं ने जीता पुरस्कार

13. 18.10.2018 स्वीप के अंतगर्त एमजे कालेज ने मिनी स्टेडियम में दी गरबा की प्रस्तुति । सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एवं इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन स्वीप के तहत एमजे कालेज ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिदुर्ग। राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत एमजे कालेज की गरबा-डांडिया टुकड़ी ने मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। इस आयोजन में एमजे कालेज के 50 विद्यार्थियों के जत्थे ने भाग लिया। । MJ-College-Garba-Dandiya MJ Collegeएमजे कालेज परिवार से प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच,

स्वीप नोडल अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, डॉ टिकेश्वर वर्मा, डनियल, वीके चौबे, डॉ श्वेता भाटिया, चरनीत कौर, नेहा महाजन, अर्चना त्रिपाठी, उर्मिला यादव, सूरज, मेघा मानकर, अख्तर अजीज खान, प्रकाशचन्द्र, संदीप, सेवक, पूर्णिमा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थित दी।

14. 15.10.2018 भिलाई। एमजे कालेज ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सघन अभियान चलाया। सोमवार को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे के नेतृत्व में हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मण्डप के साथ ही घर घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर एवं प्राचार्य डॉ कुबेर

सिंह गुरुपंच के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में सुमन रंजन, दीपिका, खुशबू, आकाश, नितेश, विशाल आदि ने सहा. प्राध्यापक दीपक रंजन दास के साथ डोर-टू-डोर अभियान चलाया। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ कन्नौजे ने उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

15. 13.10.2018 एमजे कालेज के बच्चों ने आज स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर के नेतृत्व में निकली इस रैली में महाविद्यालय के प्रशासक वीके चौबे, प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, श्रीमती सी कन्नमल, डॉ टी कुमार, डॉ जेपी कन्नौजे, पंकज सिन्हा, डॉ श्वेता भाटिया, अर्चना त्रिपाठी, अंजुम शाहीन, सीमा कश्यप, सूरज श्रीवास्तव, अंशुल राम, चंद्रकांता पारकर, अंजलि वाहने, चरनीत कौर, सेवक राम देवांगन, संदीप धर्मेन्द्र, सौरभ मंडल,

आशीष कुमार सोनी, दीपक रंजन दास, रजनीमधु कुमारी सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। रैली महाविद्यालय से चलकर टीआई मॉल चौक पहुंची जहां से लौटकर विभिन्न कालोनियों का भ्रमण कर महाविद्यालय लौटी। रैली ने नारे भी लगाए और कालोनीवासियों के साथ शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली।

16. 12.10.2018 म.जे कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान 'स्वीप' के अंतर्गत 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज दो नाटक खेले गए, स्लोगन्स के पोस्टर बनाए गए, रंगोली बनाई गई एवं वोट के प्रतीक के रूप में मानव शृंखला द्वारा 'वी' आकार का निर्माण किया गया। शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय की निदेशक श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर

के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, स्वीप प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे के निर्देशन में सर्वप्रथम दो नाटक खेले गए।

17. 10.10.2018 स्वीप कार्यक्रम के तहत आज एमजे कालेज में ईवीएम, वीवीपैट एवं कंट्रोल यूनिट का प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया गया। दुर्ग साइंस कालेज के प्राध्यापक एसके झा ने इसका प्रशिक्षण प्रदान किया।महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर की निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री झा ने सभी मशीनों का प्रदर्शन करते हुए उन्हें जोड़ने और उपयोग में लाने की विधि बताई। डॉ जेपी कन्नौजे, उर्मिला यादव, शकुन्तला जलकारे, अर्चना त्रिपाठी, परविन्दर कौर, सरिता चौबे, नेहा महाजन, मंजू साहू, ममता एस राहुल, सीमा कश्यप, सूरज श्रीवास्तव, अंशुल

राम, चंद्रकांता पारकर, अंजलि वाहने, मधु कुमारी सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

18. 08.10.2018 भिलाई। एमजे कालेज में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सहित सभी विभागों के विद्यार्थी मौजूद थे। महाविद्यालय की निर्देशक श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर एवं प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में एमजे कालेज, एमजे कालेज आॅफ नर्सिंग एवं एमजे कालेज आॅफ फार्मेसी ने हिस्सा लिया। एनएसएसल प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

19. 02.10.2018 विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में एमजे कॉलेज आॅफ फार्मेसी में आज लायन्स क्लब आॅफ भिलाई के सौजन्य से रक्तदान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में छात्रों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में लायनेस करूणा बंसल, सीमा यादव, उज्ज्वला सिंघल, सुधा वार्ष्णेय, भुवनेश्वर देवांगन, वीनल बंछोर, पद्मिनी मौर्या, भुवनेश्वर पटेल, सूरज साहू, रीता अग्रवाल, उषा चक्रवर्ती, उर्मिला टावरी, ब्लड बैंक आफिसर डॉ मधु तिवारी एवं लता गायकवाड़ ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं की हौसलाअफजाई की।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ टी कुमार, नर्सिंग कालेज की प्राचार्य डॉ सी कन्नम्मल, डॉ जेपी कन्नौजे, अर्चना त्रिपाठी, सीमा कश्यप, सरिता चौबे, नेहा महाजन, आदि उपस्थित थे।

20. 11.10.2018 भिलाई। एमजे कालेज के प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच ने आज कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप पूर्णत: निराधार हैं। इसे साबित करने के लिए इस बार ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन भी लगी होगी ताकि मतदाता अपने द्वारा डाले गए मत के प्राप्तकर्ता की पुष्टि कर सकें। डॉ गुरुपंच महाविद्यालय परिवार को स्वीप के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्रदान कर रहे थे। कार्यक्रम को एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे एवं दीपक रंजन दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

21. 31.10.2018 सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत गौरव सिंह (आईएएस), रासेयो राज्य सम्पर्क अधिकारी छग डॉ समरेन्द्र सिंह, दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेश पाण्डेय, समन्वयक रासेयो डॉ आरपी अग्रवाल, प्राचार्य एमजे कालेज डॉ के.एस गुरुपंच, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ जेपी कन्नौजे ने रैली में सहभागिता की।

22. 31.10.2018 भिलाई। एमजे कालेज में 31 अक्टूबर को विश्व विद्यालय एवं शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीके चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे तथा आभार प्रदर्शन संदीप धर्मेन्द्र ने किया।

23. 15.10.2018 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मिशन क्लीन के तहत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व दुर्गा पंडाल में साफ-सफाई का विशेष कार्यक्रम चलाया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ जे पी कनौजिया एवं दीपक रंजन दास के नेतृत्व में संपन्न किया गया।

24. 07.10.2018 निगम के अधिकारी ने बच्चों एवं प्राध्यापकों तथा व्याख्याताओं से स्वच्छता ऐप डाउनलोड करवाने के साथ ही उसका उपयोग भी करवाया।बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन सहायक प्राध्यापक चरनीत संधु एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक रंजन दास ने किया।

25. 07.10.2018 एमजे कालेज द्वारा आज एमजे मिशन क्लीन लॉच किया गया। मिशन के तहत स्वच्छता को लेकर भिलाई। एमजे कालेज द्वारा आज एमजे मिशन क्लीन लॉच किया गया। मिशन के तहत स्वच्छता को लेकर अब तक आई जागरूकता को अमल में लाने का संकल्प लिया गया। भिलाई नगर पालिक निगम के आयुक्त एसके सुन्दरानी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता ऐप के रूप में एक ऐसा हथियार आम आदमी के हाथों में दिया है जिससे वे लापरवाह अफसरों की छुट्टी करवा सकते हैं। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीलेखा विरुलकर ने उन्हें स्वच्छता पुरुष के रूप में संबोधित किया।

26. 03.10.2018 भिलाई। एमजे कालेज की रासेयो इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली, पेंटिंग, लघु नाटक एवं व्याख्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। असीम सहगल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथियों में हेमंत अरोरा, श्रीमती रजनी अरोरा एवं महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर शामिल थीं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

19.09.2018

भिलाई। एमजे कॉलेज के कामर्स के छात्र विशाल कुमार सोनी को पोषण एवं आहार विषय पर आयोजित अन्तमर्हाविद्यालयीन तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एमजे कालेज की ओर से पांच छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनमें विशाल सोनी

के अलावा रिन्सी वर्गिस, हिमांशु सिंह ठाकुर, नितेश सेन व आकाश सोनी शामिल थे।

10.09.2018 एमजे कालेज जुनवानी रोड भिलाई में इको फ्रेंडली गणेश की प्रदर्शनी लगाई गई। इन मूर्तियों का निर्माण स्वयं एमजे ग्रुप के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से किया है। इसका प्रशिक्षण उन्होंने फाइन आर्ट्स के कलाकार राजेन्द्र सुनगारिया से प्राप्त किया।इस अवसर पर प्राचार्य फार्मेसी कालेज डॉ टिकेश्वर वर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ जेपी कन्नौजे, शिक्षा विभाग की प्रभारी डॉ श्वेता भाटिया, अर्चना त्रिपाठी, शकुंतला जलकारे, नेहा महाजन, सरिता चौबे, ममता एस राहुल, मंजू साहू, परविन्दर कौर, उर्मिला यादव, वीके चौबे, चरनीत संधु सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

08.09.2018

भिलाई। एमजे कालेज के रासेयो एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा नेहरू नगर एवं कोहका क्षेत्र में डेंगू जागरूकता तथा मतदाता जागरूकता अभियान विगत कई दिनों से संचालित है। प्रतिदिन विद्यार्थी नियमित कक्षाओं के बीच समय निकालकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही वे लोगों को डेंगू जैसी बीमारियों से निपटने के तरीकों की भी जानकारी दे रहे हैं।महाविद्यालय की निर्देशक श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ केएस गुरुपंच, वीके चौबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, सेवक देवांगन, आशीष सोनी, शकुन्तला, नेहा महाजन एवं विद्यार्थियों के सम्मिलित प्रयासों से आयोजन सफल हुआ।

04.09.2018 भिलाई। एमजे कालेज में दो दिवसीय माटी शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया है। फाइन आर्ट्स कलाकार एवं समाजसेवी राजेन्द्र सुनगारिया यहां प्रशिक्षण दे रहे हैं।कार्यशाला में कालेज के प्राचार्य डॉ कुबेर गुरुपंच, डॉ टिकेश्वर वर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ कन्नौजे, विभागाध्यक्ष डॉ श्वेता भाटिया, अर्चना त्रिपाठी, शकुंतला जलकारे, उर्मिला यादव, परविन्दर कौर, सरिता चौबे, मंजू साहू, ममता राहुल, चरनीत संधु, अंजुम शाहीन, पूजा केसरी, आशीष सोनी सहित महाविद्यालय परिवार शामिल हुआ। कार्यशाला में लगभग 200 बच्चे शामिल हुए और बड़े उत्साह के साथ मूर्तियां बनाई।

1.09.2018 एमजे कालेज की रासेयो इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार चिन्हित ग्राम कोहका में डेंगी जागरूकता एवं नियंत्रण अभियान के तहत सर्वे प्रारंभ किया गया। प्रथम चरण मेंं 200 घरों का सर्वे किया गया।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ केएस गुरुपंच के दिशा निर्देशों के अनुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे तथा सेवक राम देवांगन ने किया।

19.11.2018 To 25.11.2018 राष्ट्रीय सेवा योजना एमजी कॉलेज द्वारा कौमी एकता सप्ताह रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता डिबेट आदि का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ जे पी कनौज द्वारा किया गया।

11.08.2021 एमजे कालेज के छात्रों एवं स्टाफ द्वारा शुक्रवार को डेंगू जागरूकता एवं रोकथाम हेतु राधिका नगर में अभियान चलाया गया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर उमेश अग्रवाल भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

4/08/2020 एमजे कालेज मं छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तर पर यूथ फॉर एकात्म निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 107 छात्रों की सहभागिता रही।आयोजन में महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, डॉ केएस गुरुपंच, डॉ टिकेश्वर वर्मा, श्रीमती सी कन्नम्मल, वीके चौबे, नोडल अधिकारी संदीप धर्मेन्द्र, प्रवीण कुमार, सूरज श्रीवास्तव एवं मूल्यांकन प्रभारी डॉ वाणी राठौर ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं

17.10.2019 भारत सरकार द्वारा चलाई गई स्किल इंडिया बेटी बढ़ाओ बेटी बचाओ पोषण आहार सुकन्या समृद्धि योजना मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना एमजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जेपी कनौजे क्यों शकुंतला द्वारा किया गया द्वारा किया गया ।

26.07.2018 भिलाई। एमजे कालेज के छात्रों द्वारा प्रयास श्रवण विकलांग संस्थान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संचालक सीईओ सुजाता जयराम अय्यर, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र पाण्डेय, लायन्स सदस्य मीना सिंग, महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य द्वय डॉ केएस गुरुपंच, डॉ टेकेश्वर वर्मा एवं अंशुल राम ने उपस्थिति दी।

18.07.2018 हरियर छत्तीसगढ़ बनाने 18 जुलाई को शा.उ.मा. विद्यालय बेलौदी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ केएस गुरुपंच, समन्वयक वीके चौबे, डॉ टिकेश्वर वर्मा, रासेयो अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे, प्रवीण कुमार, अंशुल राय एवं विभाग के छात्रों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में विवि प्रशासन का भी योगदान रहा। समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है

.

14.07.2018 भिलाई। वर्ल्ड यूथ स्किल डे के तत्वावधान में लायंस क्लब पिनाकल भिलाई द्वारा एमजे कालेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'सायबर मीडिया वरदान या अभिशाप' था। इस निबंध प्रतियोगिता में नर्सिंग व फार्मेसी के छात्रों ने भाग लिया। प्रथम स्थान मुस्कान जांगड़े, द्वितीय आस्मीन खातून एवं तृतीय स्थान संध्या साहू को मिला।

13.07.2018एमजे कालेज के रासेयो, नर्सिंग एवं फार्मेसी स्टडेंट्स ने ग्राम बेलौदी में स्वच्छ भारत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया है। शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला प्रांगण में कंटीली झाड़ियों एवं गाजर घास, पालीथीन आदि की सफाई की तथा वृक्षारोपण हेतु स्थान को तैयार किया।विदित हो कि छग शासन के हरियर छत्तीसगढ़ के तहत इसी शाला में विद्यार्थियों द्वारा 100 वृक्षों का रोपण तय किया गया है जिसे शीघ्र ही रोपित किया जाएगा।प्राचार्य डॉ टिकेश्वर वर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ जेपी कन्नौजे कर रहे हैं। सरपंच श्रीमती पारकर, सचिव श्री वर्मा पंचगण तथा शाला की प्राचार्य आशा तिवारी का विशेष सहयोग है।

15.06.2018एमजे कालेज भिलाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र अनुसार इनटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विधि छात्र साक्षी वर्मा, विशाल राय, हर्षिता माथुर, दीक्षा द्विवेदी आदि ने महाविद्यालय में आकर विधिक जानकारियां प्राप्त की।कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ के.एस. गुरुपंच ने महाविद्यालय में विधि सेवा की स्थापना तिथि 2 सितम्बर 2013 से लेकर वर्तमान तक आयोजित विधि सेवा संबंधी कार्यशालाओं की जानकारी छात्रों को प्रदान की। जिला विधिक सेवा में संयोजक डॉ जेपी कन्नौजे ने रासेयो शिविर के माध्यम से हुए विधिक साक्षरता के बारे में विधि विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी।

24.02.2018भिलाई। एमजे कालेज की बी.काम भाग दो की छात्रा आफरीन बानो एवं बीकाम भाग एक के छात्र विशाल सोनी ने श्रीरामचंद्र मिशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। दोनों ही विद्यार्थी इससे पहले भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत हो चुके हैं। भिलाई। एमजे कालेज की बी.काम भाग दो की छात्रा आफरीन बानो एवं बीकाम भाग एक के छात्र विशाल सोनी ने श्रीरामचंद्र मिशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। दोनों ही विद्यार्थी इससे पहले भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत हो चुके हैं। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती

श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, समन्वयक विनोद चौबे, समस्त विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक वृंद ने बधाई दी

09.02.2018 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवकों द्वारा कृमि दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने स्कूलों में टेबलेट व दवाइयों का वितरण किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर टिकेश्वर वर्मा द्वारा किया गया।

25.1.2018 गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली – कु. सस्मीन, गायत्री भगत, मेहन्दी श्वेता एवं शहनूर, व्यंजन – नेहा सिंह एवं करिश्मा रावत क्रमश: प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहीं। एक अन्य कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता दिवस का पालन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के.एस गुरुपंच ने की। संचालन श्रीमती सरिता चौबे एवं आभार प्रदर्शन डॉ जेपी कन्नौजे ने किया।

12.01.2018 भिलाई। एमजे कालेज में विवेकानंद जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रबुद्ध छत्तीसगढ़ के सह संयोजक देश दीपक सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। वरिष्ठ पत्रकार दीपक रंजन दास के

मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कुबेर गुरुपंच ने की।

14.10.2017 एमजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि माननीय जज महोदय दिग्विजय सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जज महोदया श्रीमती गरिमा सिंह उपस्थित थे।

26-09.2017 एमजे कालेज में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा श्रीमती सुरेशा चौबे मुख्य अतिथि थीं। महाविद्यालय के चेयरमैन अशोक गुप्ता, श्रीमती मंजुला गुप्ता, श्रीमती भूमिका गुप्ता एवं डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। एमजे कालेज में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा श्रीमती सुरेशा चौबे मुख्य अतिथि थीं। महाविद्यालय के चेयरमैन अशोक गुप्ता, श्रीमती मंजुला गुप्ता, श्रीमती भूमिका गुप्ता एवं डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिक्षा संकाय, डांडिया किंग ग्रुप ए से मुद्दसर, डांडिया क्वीन ग्रुप डी से भूमिका डांगे तथा उत्कृष्ट वेशभूषा पुरस्कार बी.कॉम समूह के सदस्यों को दिया गया।अवसर पर प्राचार्य डॉ कुबेर गुरुपंच, डॉ टी कुमार, श्रीमती कुन्नमल, डॉ श्वेता भाटिया, श्रीकांत काले, डॉ जेपी कन्नौजे, श्रीमती अर्चना

त्रिपाठी, प्रियंका महेन्द्र, सीमा कश्यप, सीजी थामस सहित स्टाफ एवं छात्र समुदाय ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

29.07.2017 देश की अखंडता व एकता संप्रभुता को बढ़ावा देने एमजे कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने सद्भावना रैली का आयोजन किया जो एमजे कॉलेज से अवंती बाई चौक तक गई इसका संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जे पी कन्नौजे, श्री दीपक रंजन दास सुश्री शकुंतला ने किया।

26.01.2016 कालेज में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टपर वेयर की क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती रंजु खोसला ने भी इस अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से कार्यशाला में मिले अनुभवों का लाभ लेते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। कार्यशाला का आयोजन तमिलनाडु की आईसीटीएसीटी के मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 50

विद्यार्थियों ने इसमें शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन रासेयो अधिकारी ज्योति प्रकाश कनौजे ने किया।

07.10.2015 छत्तीसगढ़ में कुल जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित (वाहक एवं रोगी) है। अत: सिकल सेल रोग के निवारण हेतु चिकित्सकीय, सहचिकित्सकीय, अमले के विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ सिकल सेल रोगी एवं रोगी के माता पिता और आम जनमानस को भी प्रशिक्षित किया जाना अतिआवश्यक है। सिकल सेल रोगियों के स्वास्थ्य स्तर एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार जाने में परामर्श एवं प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है।

03.10.2015 एमजे महाविद्यालय एवं एमजे कालेज आॅफ नर्सिंग द्वारा संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच, विकास सेजपाल सहा प्राध्यापक (वाणिज्य), प्रो. लिबिंग (नर्सिंग), टीनू पाल, यशुमन, नुपुरु, रेखा, जनकराम, मयंक, तुलेश, प्रवीन सहायक प्राध्यापक (नर्सिंग) ने अपना योगदान दिया। रक्तदान के अवसर पर महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरूलकर एवं जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा

अधिकारी डॉ मेश्राम, नर्सिंग विभाग की प्रमुख श्रीमती सीजी थॉमस उपस्थित थे

31.07.15 भिलाई। एमजे कालेज में हरियर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत 40 अशोक के पौधों का रोपण किया गया। एसीसी जामुल के डायरेक्टर सुनील गुप्ता एवं श्रीमती किरण गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा यह वृक्षारोपण प्रकृति को हरा भरा रखने में अहम भूमिका निभाएगी।

14.07.2015 भिलाई। एमजे कालेज में वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर एवं ग्रीन वैली पार्क में 100 छायादार पौधों का रोपण किया गया। महाविद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ कुबेर सिंह गुरुपंच के नेतृत्व में हरियाली योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के हरियर छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की कोशिश की गई।

20.06. 2015 हरे-भरे वृक्षों की छांव में हरी घास पर यहां कालेज की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ कुबेर गुरुपंच, उप प्राचार्य डॉ नलिनी दीक्षित समेत शिक्षकवृंद एवं छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। यहां योग प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती तनुश्री सरकार एवं रणवेश सरकार उपस्थित थे।

31.05.2015 वर्ल्ड 'नो टोबैको डे' के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर ने कहा कि चीन के बाद भारत तम्बाकू के उपभोग एवं तम्बाकू जनित रोगों में दूसरे स्थान पर है। यदि आज हम यह संकल्प लें कि स्वयं तम्बाकू छोड़ेंगे और किसी एक

को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे तो यह समाज के प्रति एक बड़ा योगदान होगा

26.02.2015 स्वाइन फ्लू स्वाइन फ्लू के लक्षण तथा रोकथाम के उपाय बताने हेतु आज एमजे कॉलेज में स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर आशीष जैन तथा प्रदीप कौशिक मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा वेरुलकर प्राचार्य डॉक्टर के एस गुरु पंच तथा जेपी कनौजे उपस्थित थे

स्वाइन फ्लू: लक्षण व रोकथाम के बताए उपाए

हरिभूमि न्यूज. भिलाई

एमजे कॉलेज भिलाई में आज स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल के डॉ. आशीष जैन एवं डॉ. प्रदीप कौशिक

■ स्वच्छता पर दिया जोर

द्वारा स्वाई फ्लू के लक्षण, उपाय एवं सुरक्षा के तरीके पर विस्तृत जानकारी दिए। विटामिन की कमी से बीमारियां

एमजे कॉलेज में हुआ आयोजन

होती है, सफाई के अभाव में गंदगी से बीमारी होती है अतः स्वच्छता पर

प्यार देना आवश्यक है। विटामिन सी एवं डी की पर्याप्तता शरीर के लिए आवश्यक है। डॉ. आशीष जैन ने अपने अनुभव बताते हुए स्पष्ट किया कि लोगों में जागरूकता आवश्यक है। डॉ. प्रदीप कौशिक ने छात्रों से सवाल-जवाब किये। इस तरह छात्रों का मनोबल बढ़ाया। डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर, प्राचार्य डॉ. कुंवर सिंह गुरुपंच द्वारा किया गया।

हरिभूमि - 28/02/15

28.02.2015 राष्ट्रीय सेवा योजना एमजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने भटगांव में रोजगार संबंधी शिक्षा प्रदान की और साक्षरता संबंधी जागरूकता जन जन जागरण रैली वन संरक्षण संबंधित नारे लगाए इस अवसर पर कोकिला अंकुर सक्सेना संगीता मिश्रा प्रीति गुरनानी अंजना सिंह जेपी कनौजे आदि उपस्थित थे

ग्रामीणों ने जानी रोजगार शिक्षा

भिलाई. एमजी कालेज के एनएसएस छात्रों ने भटगांव में आयोजित शिविर के अंतिम दिन ग्रामीणों को रोजगार शिक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रामीण बच्चों ने पंथी नृत्य और जसगीत की प्रस्तुति दी। शिविर में युवाओं को कम्प्यूटर तकनीकी के सहयोग से होने वाले कोर्सों की जानकारी दी। महाविद्यालय के स्टूडेंट्स ने नाटक के माध्यम से एड्स, महिला उत्पीड़न, साक्षरता से संबंधित जागरुकता लाने की जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने जन-जागरण रैली निकाली। रैली के दौरान सदस्यों ने नारी उत्थान, स्वच्छता, वन संरक्षण संबंधित नारे लगाएं। इस मौके पर उर्मिला यादव, कोकिला, अंकुर सक्सेना, संगीता मिश्रा, प्रीति गुरनानी, अंजना सिंह, श्वेता देवांगन, ए लक्ष्मी अर्चना व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

M.J. COLLEGE BHILAI